समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# अब आपका पासपोर्ट भी बनेगा हाईटेक, भारत मे शुरू हुआ ई-पासपोर्ट, जानिए कैसे बनवाएं और क्या है इसके फायदे ।

Publisher
Published on 14 May 2025




## भारत सरकार ने ज्यादा सुरक्षित और तेज पहचान प्रक्रिया के लिए माइक्रोचिप से लैस ई-पासपोर्ट सेवा शुरू की है.

अगर आप नए पासपोर्ट के लिए आवेदन करने की सोच रहे हैं, तो अब आपको कागजी पासपोर्ट की बजाय एक एडवांस टेक्नोलॉजी वाला ई-पासपोर्ट मिल सकता है.

दरअसल भारत सरकार ने तकनीक के एक नए युग की शुरुआत करते हुए ई-पासपोर्ट सेवा की शुरुआत कर दी है, जिससे न सिर्फ यात्रियों की पहचान को और सुरक्षित बनाया जा सकेगा, बल्कि इंटरनेशनल ट्रैवल में भी काफी आसानी होगी.

ई-पासपोर्ट क्या होता है ?
ई-पासपोर्ट देखने में आम पासपोर्ट जैसा ही होता है, लेकिन इसमें एक खास माइक्रोचिप लगी होती है. इस चिप में आपकी पर्सनल जानकारी के साथ-साथ बायोमेट्रिक डिटेल्स भी सेव होती हैं, जैसे आपकी तस्वीर, फिंगरप्रिंट आदि. ये डाटा सुरक्षित तरीके से एन्क्रिप्टेड होता है, जिसे केवल अधिकृत स्कैनिंग सिस्टम ही पढ़ सकते हैं.

कहां-कहां शुरू हुई है ई-पासपोर्ट सेवा ?
फिलहाल ई-पासपोर्ट की सुविधा भारत के कुछ चुनिंदा शहरों में शुरू हुई है जैसे नागपुर, चेन्नई, जयपुर, दिल्ली, हैदराबाद, रांची, शिमला, भुवनेश्वर, गोवा और जम्मू आदि. विदेश मंत्रालय की योजना है कि साल 2025 के मध्य तक इसे पूरे देश में लागू कर दिया जाए ताकि हर नागरिक को इसका फायदा मिल सके.

ई-पासपोर्ट के क्या हैं फायदे ?

1. बेहतर सुरक्षा: इस पासपोर्ट में लगी चिप को नकली बनाना या उससे छेड़छाड़ करना लगभग नामुमकिन है. इससे पासपोर्ट से जुड़ी धोखाधड़ी रोकने में मदद मिलती है.

2. फास्ट इमिग्रेशन: इंटरनेशनल एयरपोर्ट्स पर जब आप इमिग्रेशन से गुजरते हैं, तो यह चिप अधिकारी को तुरंत आपकी जानकारी उपलब्ध करवा देती है. इससे वेरिफिकेशन का समय कम लगता है.

3. डेटा सुरक्षित: चिप में सेव जानकारी को पब्लिक की इंफ्रास्ट्रक्चर (PKI) टेक्नोलॉजी से सुरक्षित रखा जाता है. यानी कोई भी अनजान व्यक्ति आपकी निजी जानकारी को एक्सेस या बदल नहीं सकता.

क्या पुराने पासपोर्ट धारकों को कुछ करने की जरूरत है ?

नहीं, जिनके पास पहले से पारंपरिक पासपोर्ट हैं, उन्हें तुरंत नया ई-पासपोर्ट बनवाने की जरूरत नहीं है. मौजूदा पासपोर्ट जब तक वैध हैं, तब तक आप उनका उपयोग कर सकते हैं. हां, जब नवीनीकरण का समय आएगा, तब आपको ई-पासपोर्ट ही मिलेगा.

कैसे करें ई-पासपोर्ट के लिए आवेदन ?

ई-पासपोर्ट के लिए आवेदन प्रक्रिया भी पहले जैसी ही है, बस आपको ऑनलाइन कुछ स्टेप्स फॉलो करने होंगे:

[passportindia.gov.in](https://passportindia.gov.in) पर जाकर रजिस्ट्रेशन करें.

रजिस्टर्ड आईडी से लॉगिन करें और “Fresh” या “Reissue” पासपोर्ट के विकल्प को चुनें.

जरूरी जानकारी भरें और फीस का भुगतान ऑनलाइन करें.

नजदीकी पासपोर्ट सेवा केंद्र या क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय में अपॉइंटमेंट बुक करें.

दिए गए समय पर ओरिजिनल डॉक्युमेंट्स के साथ केंद्र पर जाएं.

भविष्य की तैयारी

ई-पासपोर्ट आने वाले समय में इंटरनेशनल स्टैंडर्ड के ट्रैवल डॉक्युमेंट की तरह काम करेगा. इससे भारत के नागरिकों को न सिर्फ तेज और सुरक्षित पासपोर्ट सुविधा मिलेगी, बल्कि देश की वैश्विक पहचान भी तकनीक के क्षेत्र में मजबूत होगी.

ई-पासपोर्ट भारत की एक बड़ी डिजिटल छलांग है. इससे पासपोर्ट प्रक्रिया न केवल सुरक्षित होगी बल्कि इंटरनेशनल ट्रैवलर के लिए अधिक सुविधाजनक भी बन जाएगी. अगर आप भी नया पासपोर्ट बनवाने की सोच रहे हैं, तो ई-पासपोर्ट के लिए आवेदन करना बेहतर विकल्प हो सकता है.

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.